# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 11.07.2025**

❖ **अपराध नियंत्रण की दिशा में अवैध शस्त्र बरामदगी हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों को अवैध असलाह व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 11.07.2025 को थाना मूसानगर पुलिस को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शर्मा भट्ठे के पास मूसानगर गजनेर रोड के किनारे खड़े दो व्यक्तियों के पास अवैध शस्त्र व कारतूस हैं, जो किसी घटना की फिराक में लग रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना मूसानगर पुलिस द्वारा तत्काल शर्मा भट्ठे के पास पहुंचकर देखा तो 02 व्यक्ति खड़े दिखायी दिये। थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों को घेरकर दबिश देकर शर्मा भट्ठा मूसानगर गजनेर रोड से 100 कदम पहले समय करीब 00.45 बजे पकड लिया गया। पकडे गये दोनों व्यक्तियों से क्रमशः नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम राजा सिंह उर्फ जयवीर सिंह उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी ग्राम खिरियनपुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात बताया जिसकी तलाशी लेने पर 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम इन्द्रजीत उर्फ बडन्कू यादव उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम खिरियनपुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात बताया, जिसकी तलाशी लेने पर 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुये। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस हिरासत में लिया गया तथा थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 46/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का विवरण–**

**1-** राजा सिंह उर्फ जयवीर सिंह उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी ग्राम खिरियनपुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात

**2-** इन्द्रजीत उर्फ बडन्कू यादव उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम खिरियनपुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात

**अभियुक्त राजा सिंह उर्फ जयवीर सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 119/2019 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 255/2019 धारा 379/411/506 भा0द0वि0 थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 16/2014 धारा 323/325/504 भा0द0वि0 थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त इन्द्रजीत उर्फ बडन्कू यादव उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 118/2018 धारा 323/325/504 भा0द0वि0 थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी -** अभियुक्त राजा सिंह उर्फ जयवीर सिंह उपरोक्त से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस एवं अभियुक्त इन्द्रजीत उपरोक्त से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस नाजायज।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

थाना मूसानगर पुलिस